# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 38 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 10 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक


## भौतिकता से परे जाने का मार्ग है सहज योग



भौतिकता से परे जाने का मार्ग आंतरिक चेतना के विकास, ध्यान, निःस्वार्थ कर्म और अध्यात्म के माध्यम से आत्मज्ञान प्राप्त करना है। यह भौतिक सुख-सुविधाओं से ऊपर उठकर करुणा, प्रेम, और शाश्वत सत्य से जुड़ने की निरंतर प्रक्रिया है, जो व्यक्ति की अपनी पहचान को देह-बुद्धि से परे आत्मा के साथ स्थापित करने के लिए प्रेरित करती है। नियमित ध्यान से मन शांत होता है और भौतिक आकर्षणों से दूर होकर अपने भीतर की चेतना को पहचानें में समर्थ होता है। भक्ति मार्ग पर पूजा, दान दक्षिणा, हवन व भजन मार्ग से भी मन शांत होता है, पर भौतिक आकर्षण से पूर्ण रुपेण तटस्थ होने के लिए सहज योग ध्यान निश्चित ही फलदायी है। नियमित सरल विधि से की जाने वाली ध्यान धारणा बहुत सहजता से हममें सद्गुण प्रस्थापित करती है।

सहज योग ध्यान परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा 1970 में स्थापित एक अनूठी, सहज और नि:शुल्क प्रक्रिया है, जो रीढ़ की हड्डी के आधार में सुप्त कुंडलिनी ऊर्जा को जगाकर आत्म-साक्षात्कार प्रदान करती है। यह 'विचारहीन जागरूकता' की स्थिति लाता है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को बहाल कर तनाव कम करता है। सहज योग माध्यम से कुंडलिनी का जागरण व हमारे सुक्ष्म शरीर के सभी चक्र पर ध्यान हमें अंतर्मन में चैतन्य का प्रकाश भर देता है। हथेलियों से प्रवाहित होते वाइब्रेशन ईश्वर की अनुभूति देते हैं। अपने असंतुलित चक्रों पर कुछ पल के ध्यान से ही हमारे चक्र संतुलित हो जाते हैं। यह ध्यान की यात्रा हमें बाहरी दिखावे से दूर आंतरिक शांति की ओर ले जाती है, जिसमें सांसारिक सुखों को नकारने के बजाय, उन्हें अपनी चेतना का केंद्र न बनाकर आत्मा की खोज की जाती है। अध्यात्म का मूल सिद्धांत यही है कि हममें से प्रत्येक वास्तव में एक आत्मा है जो कि थोड़े समय के लिए इस भौतिक शरीर में आई है। हमारे जीवन का उद्देश्य अपनी आत्मा का मिलाप परमात्मा से करना व अपने सर्वोत्तम स्वरूप को पाना है। और, सहज योग इसका सबसे सहज मार्ग है।

आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव नि:शुल्क है।

## चंद्रयान-4 की ऐतिहासिक तैयारी

### इसरो ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर खोजी सुरक्षित लैंडिंग साइट, पहली बार मिट्टी-चट्टान के सैंपल लेकर लौटेगा भारत

भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने की तैयारी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने अपने बहुप्रतीक्षित और अब तक के सबसे जटिल चंद्र मिशन चंद्रयान-4 के लिए चंद्रमा पर लैंडिंग की जगह की पहचान कर ली है। मिशन शुरू होने से लगभग दो वर्ष पहले ही इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में लैंडर के सुरक्षित उतरने के लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर लिया है। इस मिशन की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि चंद्रयान-4 चंद्रमा की सतह से मिट्टी और चट्टानों के नमूने एकत्र कर उन्हें पृथ्वी पर वापस लाएगा, जो भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल कर देगा, जिन्होंने यह अत्यंत जटिल उपलब्धि हासिल की है। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि चंद्रयान-4 मिशन को वर्ष 2028 में लॉन्च करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने इसे भारत का अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत चंद्र मिशन बताया है। इस मिशन की सफलता न केवल भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं को नई ऊंचाई देगी, बल्कि चंद्रमा के रहस्यों को समझने में भी वैश्विक विज्ञान समुदाय को अहम जानकारी उपलब्ध कराएगी।

इसरो अधिकारियों के अनुसार, चंद्रयान-4 के लिए चंद्रमा के मोंस माउंटेन क्षेत्र में चार संभावित स्थलों की पहचान की गई थी, जिन्हें एमएम-1, एमएम-3, एमएम-4 और एमएम-5 नाम दिया गया। इन सभी स्थलों का गहन अध्ययन ऑर्बिटर हाई रिजॉल्यूशन कैमरा और अन्य उन्नत इमेजिंग तकनीकों की मदद से किया गया। ऊंचाई, ढलान, सतह की बनावट और



जोखिम के सभी पहलुओं का विश्लेषण करने के बाद एमएम-4 स्थल को लैंडिंग के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया। इसरो के अनुसार एमएम-4 के आसपास लगभग एक किलोमीटर लंबा और एक किलोमीटर चौड़ा क्षेत्र अत्यंत सुरक्षित माना गया है। इस क्षेत्र की औसत ढलान केवल पांच डिग्री है, जो लैंडर के संतुलन और सुरक्षित उतरने के लिए आदर्श मानी जाती है। यहां की औसत ऊंचाई करीब 5334 मीटर है और 24 मीटर लंबे व 24 मीटर चौड़े ग्रिड सबसे अधिक सुरक्षित पाए गए हैं। इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते चंद्रयान-4 मिशन के लिए एमएम-4 को अंतिम रूप से चुना गया है।

चंद्रयान-4 मिशन की संरचना भी इसे बेहद खास बनाती है। इस मिशन में पांच मुख्य मॉड्यूल शामिल होंगे, जिनमें प्रोपल्शन मॉड्यूल, डिसेंडर मॉड्यूल, एसेंडर मॉड्यूल, ट्रांसफर मॉड्यूल और री-एंट्री मॉड्यूल शामिल हैं। डिसेंडर मॉड्यूल और एसेंडर मॉड्यूल मिलकर एक स्टैक बनाएंगे, जो चंद्रमा की निर्धारित सतह पर अत्यंत नियंत्रित और धीमी गति से उतरेगा। यह पूरी प्रक्रिया अत्याधुनिक नेविगेशन, गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम की मदद से संचालित होगी, ताकि लैंडिंग पूरी तरह सुरक्षित हो सके। लैंडिंग के बाद डिसेंडर मॉड्यूल की सहायता से चंद्रमा की सतह से मिट्टी और चट्टानों के नमूने एकत्र किए जाएंगे। इसके बाद एसेंडर मॉड्यूल इन नमूनों को लेकर चंद्र कक्षा में पहुंचेगा, जहां वे ट्रांसफर मॉड्यूल से जुड़ेंगे। अंततः री-एंट्री मॉड्यूल के माध्यम से इन बहुमूल्य नमूनों को पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया अत्यंत जटिल है और इसमें कई चरणों पर सटीक तालमेल और तकनीकी उत्कृष्टता की आवश्यकता होगी। चंद्रयान-4 मिशन भारत के लिए केवल एक वैज्ञानिक प्रयोग नहीं, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता और अंतरिक्ष नेतृत्व की दिशा में एक बड़ा कदम है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र को भविष्य के मानव मिशनों और संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में इसरो द्वारा इस क्षेत्र में सुरक्षित लैंडिंग स्थल की पहचान भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान के केंद्र में और मजबूती से स्थापित करती है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 से भारत चंद्रमा की सतह को छूकर लौटने का साहसिक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। यह मिशन न केवल देश के वैज्ञानिकों के परिश्रम और प्रतिभा का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनेगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव, बढ़ा सरकार के साथ टकराव

नई दिल्ली। विपक्षी पार्टियों ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पेश किया, जिससे संसदीय कार्यवाही के संचालन को लेकर सरकार के साथ विपक्ष का टकराव बढ़ गया सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर 100 से ज़्यादा सांसदों के हस्ताक्षर हो चुके हैं।

संविधान के आर्टिकल 94(c) के तहत, स्पीकर को 14 दिन के ज़रूरी नोटिस पीरियड के बाद लोकसभा द्वारा पास किए गए प्रस्ताव से हटाया जा सकता है. यह कदम सदन में बार-बार रुकावटों के बीच INDIA ब्लॉक नेताओं के बीच कई दिनों की बातचीत के बाद उठाया गया है विपक्ष ने कई शिकायतें बताई हैं, जिनमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की इजाजत न देना, विपक्षी सदस्यों को सस्पेंड करना और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयानों पर उनके खिलाफ कथित तौर पर कोई कार्रवाई न करना शामिल है. नेताओं ने इस दावे पर भी एतराज जताया है कि महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री के लिए खतरा हैं. सोमवार को कांग्रेस के सीनियर नेता के सी वेणुगोपाल ने लोकसभा के कामकाज की आलोचना करते हुए जल्द ही कार्रवाई का संकेत दिया. उन्होंने कहा, "संसदीय नियमों के अनुसार, विपक्ष का नेता एक शैडो प्रधानमंत्री होता है. लेकिन यहां, विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है. सरकार कुछ भी कह सकती है और किसी पर भी हमला कर सकती है." BJP की महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र, PM की कुर्सी घेरने वाले सांसदों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग... वेणुगोपाल ने स्पीकर पर भेदभाव का भी आरोप लगाया. "स्पीकर खुद कांग्रेस की महिला सांसदों पर आरोप लगा रहे हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाए जाने के दिए निर्देश





**दिलीप पाटीदार**

धार, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में "संकल्प से समाधान अभियान", बोर्ड परीक्षाओं सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने "संकल्प से समाधान अभियान" की विस्तृत समीक्षा कर विभिन्न विभागों की कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से जनसामान्य को लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अभियान के अंतर्गत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा की। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के अनुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड मुख्य परीक्षाओं के निष्पक्ष संचालन, अनुचित साधनों (नकल) के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध एवं नियंत्रण संबंधी कार्य सम्पादन हेतु जिला स्तरीय उड़न दस्तों का गठन किया जाकर उड़न दस्ते में अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्य सम्पादन हेतु आदेशित किया गया है। यह दल शासन एवं मण्डल द्वारा जारी निर्देशों का पालन एवं नकल रोकने के लिये यथोचित कार्य करेंगे। प्रत्येक दल संबंधित विकासखण्ड अथवा जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में से प्रतिदिन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर सामूहिक नकल अथवा अन्य अव्यवस्था पाये जाने पर तत्काल अवगत कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लंबित मामलों को तेजी से निपटाने और ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट सुनिश्चित करने को कहा। सीएम हेल्पलाइन की पुरानी शिकायतों पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्ती से निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे, यह सभी अधिकारी गंभीरता से सुनिश्चित करें। बैठक में जिले की विभिन्न जलप्रदाय पाइप लाईन में जल प्रदूषण को रोकने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना अंतर्गत सोलर पंप स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। भू अर्जन के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रकरणों, जनहित से जुड़े आवेदनों, न्यायालयीन मामलों, योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समय-सीमा पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### राजगढ़ थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई,

## जैन मंदिर से पूजा सामग्री चोरी करने वाले आरोपीयों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार राजगढ़ थाना पुलिस ने अपराधीयो पर कसा शिकंजा नवरत्न आराधनालय राजगढ़ स्थित जैन मंदिर से पूजा सामग्री चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार




**दिलीप पाटीदार**

राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि 7 फरवरी को मध्य रात्रि में नवरत्न आराधनालय राजगढ जैन मंदिर से अज्ञात बदमाश पुजा सामग्री चोरी कर ले गये जिस पर फरियादी नितिन चौहान की सूचना पर थाना राजगढ पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती बेला पारूलकर के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में उक्त घटना के आरोपी को पकडने हेतु एक टीम का गठन किया गया । दिनांक 09.02.2026 को टीम द्वारा आरोपी 1- पवन पिता उदयसिंह डामोर उम्र 22 साल निवासी बिरयाखेडी मोहन नगर रतलाम 2- दिनेश पिता छगन निनामा उम्र 26 साल निवासी राम नगर रतलाम को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से विभिन्न धातुओं की पुजा सामग्री करीब 40 की संख्या में की जप्त की गयी हैं ।

**सराहनिय भुमिका**

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक जुली अमलियार, सह उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक प्रकाश वसुनिया, आरक्षक अंकित रघुवंशी, आरक्षक दिलीप डुडवे, आरक्षक सुभाष परमार की सराहनीय भुमिका रही है । राजगढ़ पुलिस थाने कि सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 06/02/2026 को नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी उप प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल जी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री गणपत सिंह धुंध के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ ने वृत्त महू अ में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गईआज महू के सिमरोल , चिकली जोशीगुरडिया, पठान पिपलिया, तलाई नाका, बगोदा एवं अन्य स्थानों पर दबिश दी गयी। आज की कार्यवाही में कुल 16 छापों में 14 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क व 34(f) के तहत पंजीबध्द किये गये। आज की कार्यवाही में 160 लिटर हाथ भट्टी मदिरा व 1550 kg महुआ लहान सैंपल लेकर मोके पर नष्ट किया गया |मदिरा,महुआ लहान व सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 183000/- रुपए है। आज की कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सी के साहु, श्री गोपाल यादव श्री पवन टिकेकर एवं आबकारी उपनिरीक्षक मीरा सिंह, जया मुजाल्दे के द्वारा की गई ।

उक्त की गई कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कमलेश निहोरे,मोहित रैकवार,हेमा धुर्वे, एलेन बघेल,कुलदीप चौहान, मोहित कचवाहा,विकास मंडलोई, विवेक कनाडे,राहुल जामोद आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

03

इंदौर प्रति मंगलवार, 10 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक


# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र 2,आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रौलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में दिनांक 08/02/2026 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे एवं पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में प्रातःगश्त के दौरान जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर के सामने से दोपहिया वाहन MP09 VH7357 से 95 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई ।इसके अलावा एक अन्य कार्यवाही में शांति नगर के एक



कुख्यात ब्लेकर सुभाष पवार के घर के सामने से एक बिना नंबर प्लेट की दोपहिया वाहन हीरो डेस्टिनी सफेद रंग पर गाड़ी की डिक्की से एवं हरे रंग के एक झोले से कुल 75 पाव देसी मदिरा बरामद की गई ।

दोनों आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा एवं वाहन की कुल कीमत लगभग 145000रुपए निकाली गई है। आज की कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जया मुजाल्दे एवं प्रियंका रानी चौरसिया आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा ,एलन बघेल ,तरुण जाट,अजय चंद्रवत और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।

## चाकूबाज बदमाश विशाल उर्फ नागिन घटना के चंद घंटों में थाना चंदन नगर की गिरफ्त में




**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। आरोपी नशा करने के लिए अवैध रुपयों की माँग कर आडीवाजी कर रहा था। चाकूबाज ने घटनस्थल पर फरियादी एवं आम जनता से मांगी माफी । पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की आम जनता ने तालिया बजा कर आभार व्यक्त कर की प्रशंसा।**

दिनांक 08/02/2026 की रात्रि में घायल अभिषेक पिता राजेंद्र भगड़े उम्र 23 वर्ष निवासी पंकज किराना के पास राज नगर इंदौर को आरोपी विशाल उर्फ नागिन पिता विजय पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी रजनी शर्मा का मकान हुकुमचंद कॉलोनी इंदौर द्वारा राज नगर सेक्टर एफ में चाकूबाजी कर घायल कर दिया था जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे बाद इलाज फरियादी निखिल शर्मा पिता महेश शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी साइ मंदिर वाली गली दामोदर नगर इंदौर द्वारा थाना चंदन नगर पर शिकायत किया जिसपर थाना चंदननगर द्वारा अपराध क्रमांक 182/26 धारा 119(2)115(3)351BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । अपराध कायमी के पश्चात चंद घंटों में चंदन नगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी विशाल उर्फ नागिन पिता विजय पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी रजनी शर्मा का मकान हुकुमचंद कॉलोनी इंदौर को हिसासत में लिया तथा आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया। चंदन नगर पुलिस द्वारा आरोपी को घटनास्थल ले जाकर अपराध के दुष्परिणाम से जनता को अवगत कराया और आरोपी द्वारा घटनास्थल पर उपस्थित फरियादी एवं आम जनता से माफी मांगी गई, जिससे खुश होकर आम जनता द्वारा पुलिस के लिये ताली बजाकर प्रशंसा की गई ।

## राष्ट्रसंत जब विश्वगौरव स्थापित हो तो निश्चित ही भारत विश्वगुरु बनने के प्रगतिपथ पर अग्रसर है - डॉ भरत शर्मा




**आदित्य शर्मा**

इंदौर। श्री गजानन महाराज प्रकट उत्सव आज श्री दत्त माऊली सद्गुरु अन्ना महाराज संस्थान में संपन्न किया गया। सत्र की शुरुआत में 111 भक्तों द्वारा गजानन महाराज का पारायण श्री विजय ग्रंथ का पाठ किया । दोपहर 12:00 बजे परम पूज्य डॉक्टर अन्ना महाराज को थेम्स अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित करने पर अन्ना महाराज का नागरिक सम्मान शिष्य तथा भक्तों द्वारा आज संपन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्रीमती मालीनि गोड, भारत शासन संस्कृति परिषद के श्री भरत शर्मा, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट तनुज दीक्षित, महामंडलेश्वर डॉक्टर चैतन्य स्वामी, रणजीत हनुमान के पंडित दीपेश व्यास, महा मंडलेश्वर डॉक्टर चैतन्य स्वामी अखंड धाम आश्रम के अन्य साधु संत श्री रामचंद्र वैदिक, महामंडलेश्वर योगेंद्र बाबा, श्री हरि अग्रवाल, पार्षद योगेंद्र जगेंदर , पार्षद सुरेश टकलकर , पार्षद श्री प्रशांत बडवे के साथ-साथ अन्य गणमान्य नागरिक और श्री सत्य साई सेवा समिति मध्य प्रदेश के श्री बोचरे साहब और डॉ माधवी पटेल ने भी महाराज जी का सम्मान किया।

उक्त अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा की सद्गुरु का यह सम्मान समाज कल्याण और प्रकृति संरक्षण की दिशा में किए गए उनके प्रयासों का परिणाम है। आपने बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अन्ना महाराज जी का नागरिक अभिनंदन करेंगे।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य डॉ. भरत शर्मा ने गुरु को ज्ञान प्रदत्त करने वाला और भारत की संस्कृति में निहित अध्यात्म की महिमा से जनकल्याण की भावना के इस प्रसंग को प्रेरक प्रकल्प बताया और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को विश्वगुरु बनाने के प्रकल्प का सार्थक उदाहरण बताया। विधायक और पूर्व महापौर श्रीमती मालिनी गौड़ ने इसे राष्ट्रीय उपलब्धि बताते हुए सद्गुरु अन्ना महाराज को बधाई दी। ज्योतिष के प्रकांड विद्वान रामचंद्र वैदिक और उच्चतम न्यायलय के अधिवक्ता तनुज दीक्षित ने भी बधाई प्रेषित की।

यह सम्मान उनके कार्यों को देखते हुए बहुत बारीकी से सदगुरु अन्ना महाराज के प्रकल्पों की सार्थकता को रेखांकित कर भारत में २०२५ में चिह्नित कर दी गई ४ डॉक्ट्रेट उपाधियों में से एक है।इस सम्मान ने संपूर्ण शहर के लोगों में एक विशेष आकर्षण महसूस किया गया ।

# मछुआरों द्वारा सहायक संचालक मत्स्योंद्योग कार्यालय पहुंच कर

**गोलू यादव**

नवनियुक्त डीडीओ चार्ज मिलने पर मत्स्य अधिकारी एन एस दंडोतिया जी का सॉल भेंट करके ओर पुष्प माला पहनाकर कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं इसमें दंडोतिया जी ने बताया गया है कि मछुवारों को के हित में जो भी संभव होगा हम विभाग की तरफ से हर मछुवारों को अपना हर योजना का लाभ देंगे विभाग की तरफ से हर योजना की जानकारी मछुआरों तक पहुंचाई जाएगी, मछुवारों में उपस्थित सोनू केवट, राजपाल केवट, भानु केवट, रामकृष्ण केवट, गोलू केवट, मनोज, विशाल, प्रशांत, उपस्थित थे।



## मन के जीते जीतः पैरा एथलीट प्रमोद धनेले 'गुरु रविदास सम्मान' से हुए विभूषित

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर। ग्वालियर के एल.एन. आई.पी.ई. सभागार में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा एक गरिमामयी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस गौरवशाली मंच पर ग्वालियर के सपूत और अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट प्रमोद धनेले को उनके अदम्य साहस और खेल जगत में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। फरवरी का वह महीनाः जब 'मन' के संकल्प ने बदली नियति समारोह के दौरान प्रमोद की प्रेरणादायक जीवन यात्रा को साझा किया गया। फरवरी के महीने में हुए एक सड़क हादसे ने उनके जीवन को शारीरिक रूप से एक कठिन मोड़ पर ला खड़ा किया था। हादसे से पहले प्रमोद का जीवन एक सामान्य युवक की तरह चल रहा था। उस कठिन समय में दुनिया को लगा कि अब राहें रुक गई हैं, लेकिन प्रमोद ने यह सिद्ध कर दिया कि "मन के हारे हार है, मन के जीते जीत"। उन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को अपने सपनों के आगे बौना साबित कर दिया और 'परिवर्तन' को ही अपनी शक्ति बनाया। उपलब्धियाँ जो बनीं मिसाल हौसलों की उड़ान भरते हुए प्रमोद ने फुटबॉल के मैदान पर नेशनल गोल्ड मेडल जीतकर ग्वालियर का नाम पूरे देश में रोशन किया। इसके साथ ही, कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 4320 किलोमीटर की साहसिक बाइक यात्रा कर उन्होंने यह संदेश दिया कि यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती। मंच पर मौजूद दिग्गजों ने बढ़ाया उत्साह समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमचंद बेरवा जी (उप मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार) और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लालसिंह आर्य जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अ.जा. मोर्चा भाजपा) ने प्रमोद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नारायण सिंह कुशवाहा जी (कैबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन), प्रद्युम्न सिंह तोमर जी (ऊर्जा मंत्री, म.प्र. शासन), भारत सिंह कुशवाहा जी (सांसद, ग्वालियर), भगवान सिंह परमार जी (प्रदेशाध्यक्ष, अ.जा. मोर्चा), विवेक नारायण शेजवलकर जी (पूर्व सांसद) और जय प्रकाश राजौरिया जी (जिलाध्यक्ष, भाजपा) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने एक स्वर में प्रमोद के जज्बे को नमन किया और उन्हें आज के युवाओं का असली रोल मॉडल बताया।

### सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प प्रमोद की जुबानी

सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रमोद धनेले ने भावुक संदेश देते हुए कहा- "फरवरी का वह महीना मेरे जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए और शक्तिशाली 'मैं' का जन्म था। कल तक मैं एक साधारण जीवन जी रहा था, लेकिन आज मैं हर उस व्यक्ति के लिए एक उम्मीद बनना चाहता हूँ जो संघर्ष कर रहा है। इंसान शरीर से नहीं, मन से हारता है। आज से मेरा संकल्प है कि मैं अपनी सकारात्मक ऊर्जा से समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकूँ। "हौसले के तर्कश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख, हार जाए चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख।"

## ग्राम तुमेन में सम्पन्न हुई गौ सेवा परिषद की बैठक, गौ सेवा करने का लिया संकल्प

**गोलू यादव**

ग्राम तुमेन में बालाजी मंदिर पर राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गौसेवक, समाजसेवी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ संरक्षण, संवर्धन एवं सेवा गतिविधियों को सशक्त बनाना रहा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने गौमाताओं के लिए चारा, पानी, उपचार एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही गौशालाओं की नियमित देखरेख, बीमार पशुओं के उपचार और गौ तस्करी रोकने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से गौ सेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा नियमित सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। परिषद ने आगामी दिनों में सेवा अभियानों को तेज करने और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने गौ माता की सेवा हेतु निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ. राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद जिला अध्यक्ष गोलू यादव



बरोदिया, अभिषेक मोहरी, सुमित ओझा ओर ग्राम तूमेंन के अभिषेक राजपूत (विकाश कंप्यूटर तूमेंन), रविंद्र सिंह राजपूत, दुर्गेश पाठक उमेश सेन ,राजा सिंह राजपूत, प्रताप सिंह राजपूत,भारत सिंह राजपूत, भारतेंद्र राजपूत,अभिषेक सिंह राजपूत ( शिया कृषि सेवा केंद्र तूमेंन)

## राष्ट्रीय नॉन-चाकू चैंपियनशिप में इंदौर के मृत्युंजय जैन ने बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान

**कानपुर** कोच राकेश रेनीवाल के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी मृत्युंजय जैन ने कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय नॉन-चाकू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आए लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), दिल्ली सहित कई राज्यों के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले हुए।

मृत्युंजय जैन ने नॉन-चाकू फ्री स्टाइल एवं काता वर्ग में उत्कृष्ट तकनीक, संतुलन और अनुशासन का परिचय देते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा और अपनी योग्यता के दम पर द्वितीय (रजत) एवं तृतीय (कांस्य) स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर खेल जगत, प्रशिक्षकों और परिजनों में हर्ष का माहौल है। कोच राकेश रेनीवाल ने इसे कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और अनुशासन का परिणाम बताया। यह सफलता न केवल मृत्युंजय जैन की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि इंदौर और मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय भी है।



## क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती पर तीन दिवसीय महोत्सव होगा अयोजित, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**महोत्सव 17 फरवरी से,बैठक में लिए कई आवश्यक निर्णय**

इंदौर। छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती पर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा तीन दिवसीय महोत्सव 17 फरवरी से अयोजित होगा जिसमे स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन,आतिशबाजी, शौर्य यात्रा सहित अन्य आयोजन होंगे। इसको को लेकर समाजजनों की बड़ी बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर व मिलिंद दिघे ने बताया कि क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में 17 फरवरी को सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई करेंगे, जिसके साथ तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ होगा। 18 फरवरी को पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा आतिशबाजी होगी। 19 फरवरी को सुबह 8:30 बजे साईं मंदिर लव कुश आवास विहार सुखलिया से शौर्य रैली निकलेगी, जिसमें हजारों समाजजन वाहनों पर सवार होकर प्रतिमा स्थल पहुंचेंगे। महोत्सव की तैयारियों को लेकर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के स्नेहलतागंज स्थित प्रदेश कार्यालय पर एक बड़ी बैठक का आयोजित की गई, जिसमे तीन दिवसीय महोत्सव की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई, समाज जनों ने अपने सुझाव भी दिए, कई आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रकांत कुंजीर,मिलिंद दिघे,करण कुंजीर, ज्ञानदेव वालूंज, अशोक दरेकर ,सुधीर मावकर,सुनील खण्डागले,विजय डफ़ाल,संदीप



खरनाल,रवि खरनाल, स्वाति मोहिते,लवली जाधव ,प्रियंका गाडेकर ,राज जाधव,यशवंत गोरे सहित उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को किया गया जागरूक



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल पं. शंभूनाथ विश्व विद्यालय परिसर शहडोल में पीएम उषा के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए यातायात प्रभारी श्री संजय जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य व्यवहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए प्रो. गीता सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री उषा जैसी योजनाएँ उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी और नवाचार आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी समन्वयकों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर सूबेदार सुश्री प्रियंका शर्मा, ट्रेफिक पुलिस श्री विवेकानंद तिवारी ने भी विद्यार्थियो को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में "सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा" है जैसे स्लोगन प्रदर्शित कर यातायात नियमो के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सेड मैप प्रभारी श्री रवि विश्वकर्मा, डॉ. रचना दुबे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# रेत माफिया सक्रिय अधिकारीयों कि हो रही रेकी माफिया के हौसले बुलंद

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल में रेत माफिया अब कानून की सरहदें लांघ चुका है। वैध ठेका नहीं... लेकिन अवैध रेत का साम्राज्य पूरे जिले में फैला हुआ है। हालात इतने बेकाबू हैं कि खनिज निरीक्षक की मौजूदगी में ही रेत से लदे ट्रैक्टर फरार हो रहे हैं। अफसरों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए बाकायदा रेकी तंत्र खड़ा कर दिया गया है। सवाल बड़ा है कि क्या रेत माफिया प्रशासन से एक कदम आगे चल रहा है। शहडोल जिले में रेत का वैध ठेका न होने का फायदा उठाकर रेत माफिया पूरी तरह बेखौफ नजर आ रहे हैं। जिले भर में अवैध उत्खनन और परिवहन जोरों पर है, जिससे न सिर्फ राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि खनिज विभाग की मौजूदगी में भी रेत माफिया खुलेआम ट्रैक्टर लेकर फरार हो रहे हैं। ताजा मामला उस वक्त सामने आया, जब खनिज निरीक्षक अभिषेक पटले अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर रेत माफिया ट्रैक्टर लेकर भाग निकले। निरीक्षक के अनुसार, पीछा करने के दौरान अवैध रेत से



जुड़े दो बाइक सवारों ने जानबूझकर बाधा उत्पन्न की, जिससे साफ है कि माफिया पूरी तैयारी और रणनीति के साथ काम कर रहे हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि रेत माफिया खनिज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित रूप से रेकी कराते हैं। इसके लिए बाकायदा गुप्तचर लगाए गए हैं, जो खनिज कार्यालय के आसपास रहकर विभागीय मूवमेंट पर नजर रखते हैं। हाल ही में खनिज अमले ने कार्यालय के सामने से एक ऐसे ही गुप्तचर को पकड़ा, जिसके मोबाइल से यह सामने आया कि वह लगातार रेत माफियाओं को खनिज विभाग की गतिविधियों की जानकारी भेज रहा था। इसके बावजूद जिले में अवैध रेत कारोबार बदस्तूर जारी है। विभाग द्वारा इस पर क्या कारवाई होती है इसका इंतजार है ।

# इन्दौर के मॉडल कुणाल पंचोली को रणजीत टाइम्स द्वारा विशेष सम्मान

**शहर के लोकप्रिय मॉडल, एक्टर, इन्फ्लूएंसर एवं श्री परशुराम युवा सेना (ब्राह्मण समाज) के विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली जी को रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से श्रद्धापूर्वक "माता अहिल्या" की पावन प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।**



**इस अवसर पर उन्होंने रणजीत टाइम्स की सच्ची, निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना करते हुए पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह सम्मान उनके लिए गर्व और आशीर्वाद का प्रतीक रहा।**

# कंडीशनिंग व अंहकार आध्यात्मिक उन्नति की बाधाएं हैं : श्री माताजी

**सहजयोग की संस्थापिका आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी ने अपनी अमृतवाणी में कई बार दिशा निर्देशित किया है कि मनुष्य को सभी प्रकार के बंधनों से अर्थात कंडीशनिंग से स्वयं को मुक्त रखना चाहिए। तभी आप के तार परम चैतन्य से जुड़ सकते हैं यहां बंधन मुक्ति तथा अनुशासनहीनता में अंतर है वह हमें समझना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है विशेषत: सहजयोगी के लिए। हमारा जीवन सदैव बहती हुई नदी के समान गतिमान होना चाहिए, ना की ठहरे हुए तालाब की तरह परंतु यह ध्यान रखना चाहिए कि नदी तभी तक नदी होती है जब तक वह किनारों के अनुशासन में रहकर अपने मार्ग में आने वाली हर छोटी बड़ी बाधा को सहज प्रकृति से स्वीकार करते हुए अंत में सागर से एकाकार हो जाती है।**



कंडीशनिंग से श्री माताजी का तात्पर्य था कि हमें यह रंग पसंद है, तो यह खाना नापसंद है, हमें सोने के लिए निश्चित तरह का वातावरण अथवा बिस्तर चाहिए इत्यादि। इसके अतिरिक्त धार्मिक आडंबर को लेकर अपने व्यवसाय को लेकर रिश्ते नातों को लेकर हम अपने आप को अनेक सीमाओं में बांध लेते हैं, और यह सीमाएं हमारी अध्यात्मिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। कंडीशनिंग हमारे अहंकार के तुष्टीकरण का कारण बनती है। श्री माताजी के पावन शब्दों में, "मुझे यह पसंद है, मुझे यह पसंद नहीं यह शब्द उपयोग नहीं किए जाने चाहिए।"

कंडीशनिंग में जीते-जीते हम सिर्फ स्वयं से प्रेम करने लगते हैं। अपनी सुविधा ही आपका लक्ष्य बन जाती हैं और आप महानता के अहंकार में फंस जाते हैं।

अत: श्री माताजी ने कहा है, "अहम की समस्या के कारण हम अत्यंत विघटित हैं छोटी-छोटी चीजों के विषय में यदि आपने अपना समय व्यर्थ करना है तो आप का विघटन बढ़ जाएगा। मुझे यह पसंद नहीं- मैं ऐसा नहीं करता- ऐसा मुझे दिखाई नहीं देता यह सभी निर्णय अहं के माध्यम से ही होते हैं।" सहज योग द्वारा हम अपनी जीवनशैली में उपस्थित कंडीशनिंग को बहुत ही सहज रूप से जीत पाते हैं। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आपके लिए यह कार्य अत्यंत सहज हो जाता है तथा व्यर्थ के बंधनों से स्वयं को मुक्त पाकर हमारा हृदय प्रेममय, विशाल व प्रफुल्लित हो जाता है। हमारा जीवन आध्यात्मिक, पारिवारिक, व्यवसायिक तथा सामाजिक प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिदिन नए-नए आयामों को छूने लगता है ।

अत: प्रत्येक व्यक्ति को जो अपने अस्तित्व के सत्य को जानना चाहता है, उसे सहज योग अपनाकर श्री माताजी द्वारा प्रदत्त इस अनमोल भेंट का लाभ अवश्य ही लेना चाहिए। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने पूरे किए सेवा के तीन साल, मरीज़-केंद्रित उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत मिसाल

इंदौर। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपनी सेवा के सफल तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन तीन वर्षों में अस्पताल ने नैतिक, पारदर्शी और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है। फुल-टाइम स्पेशलिस्ट सिस्टम (FTSS) के तहत विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों में मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के माध्यम से अस्पताल ने व्यापक और विश्वसनीय उपचार व्यवस्था स्थापित की है। पिछले तीन वर्षों में अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है। यहां मिनिमली इनवेसिव सीएबीजी (MICS), बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक उपचार तकनीकों की शुरुआत की गई, जिन्हें मरीजों का भरपूर विश्वास और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। निकट भविष्य में अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सुविधा भी प्रारंभ होने जा रही है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर मध्य प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है, जहां प्रोस्टेट उपचार के लिए यूरो-लिफ्ट तकनीक, हर्निया सर्जरी के लिए ई-टीईपी (E-TEP) तकनीक और डबल बैलून एंटरॉस्कोपी (DBE) जैसी उन्नत हाई-एंड प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यह प्रदेश का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है, जहां एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड (EBUS) सुविधा शुरू की गई। मध्य प्रदेश



के अन्य जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पताल ने कई शहरों में ओपीडी सेवाएं भी प्रारंभ की हैं। इनमें देवास, उज्जैन, धार, खंडवा, महू, गुना, मंदसौर, रतलाम, ग्वालियर, सोनकच्छ और झांसी शामिल हैं। अस्पताल ने कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेस, ऑर्थोपेडिक्स, रीनल साइंसेस और ट्रांसप्लांट के अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को और अधिक मजबूत व विस्तृत किया है। मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के जटिल एवं उच्च जोखिम वाले मामलों का सफलतापूर्वक इलाज कर अस्पताल ने अब तक एक लाख से अधिक लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत अस्पताल ने अनेक आउटरीच ओपीडी कार्यक्रमों और मेडिकल कैंपों का आयोजन किया है, जिनके माध्यम से पिछले तीन वर्षों में 55 हजार से अधिक मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं। साथ ही शहर के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए नियमित सीएमई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे वे नवीनतम चिकित्सा तकनीकों से अपडेट रह सकें। इस अवसर पर अस्पताल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा कि सेवा के तीन वर्ष पूरे होना अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो बेहतर इलाज, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और मरीजों के भरोसे का परिणाम है। वहीं वाइस प्रेसिडेंट सुनील मेहता ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य मध्य भारत में विश्वसनीय और उच्च स्तरीय उपचार के लिए लोगों की पहली पसंद बनना है। पिछले वर्ष अस्पताल को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया था, जो जिम्मेदार और सतत स्वास्थ्य सेवा के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# खुले आम घूम रहे हैं जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधी मामला पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का.. पीड़ित हो रहा परेशान

**जितेन्द्र वर्मा**

**महू गाड़ी चढ़ा कर मारने वाले आरोपियो को पुलिस पकड़ने के बजाय उसे संरक्षण दे रही हैं। आरोपी आज भी खुले आम घूम रहे है। पुलिस कार्रवाई के बावजूद अपने काम से इतिश्री कर रही है। जबकि फरियादी बार-बार थाने के चक्कर लगा रहे हैं।**

## फरियादी अब्दुल खलीक कुरैशी ने बताया

**एकतीश जनवरी को आरोपी हारिस पटेल निवासी गोपालपूरा, शाकिर पटेल, गोल्डन पटेल, समीर पटेल, सगीर पटेल बेवजह गाड़ी से कट मारने की बात को लेकर विवाद किया और गाड़ी चढ़ा कर मारने की धमकी दी। अब्दुल खलीक कुरैशी ने बताया कि मैं अपने साले इकबाल पटेल के लड़के की सगाई कार्यक्रम में गया था इस दौरान विवाद किया बाद समाजजानो ने बीच बचाव कर मामला शांत किया। लेकिन बाद में समीर और सगीर पिता शाकिर ने अपनी स्कार्पियो एम पी 09 डी यू 7747 आए और रास्ते में रोक कर गालियां दी और गाड़ी चढ़ाने की धमकी दी।**

## मदरसे की गली में भाग कर जान बचाई

खलीक ने बताया कि मैने मदरसे की गली में भाग कर जान बचाई। स्कार्पियो के चालक ने मेरी मोटर सायकल को पीछे से टक्कर मार कारगिरा दिया। जिससे मेरे हाथ कंधे ओर पैर में गंभीर चोट आई। दोनों पैर में फ्रेक्चर हो गया है। गंभीर हालत में इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। खलीक ने बताया कि एक ही दिन में दो बार आरोपियों ने जान से मारने का प्रयास किया। जिसकी शिकायत किशनगंज थाने में की लेकिन आरोपी आज आजाद घूम रहे हैं। जिनसे जान का खतरा बना हुआ है।

## पूर्व में है कई अपराध दर्ज

उल्लेखनीय है कि आरोपियों पर पूर्व में भी कई अपराध दर्ज है। वे आदतन अपराधी हैं। इस घटना में भी पुलिस ने आरोपियों पर धारा 307के अलावा अन्य कई धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने बिना वजह के विवाद किया जबकि ना तो हमने कट मारी ना ही हमारे उनसे कोई विवाद है। पुलिस की कार्यवाही नहीं होने से आरोपीयो को पुलिस का कोई डर नहीं है। आरोपी खुले आम घूम रहे हैं और पुलिस उन्हें फरार बता रही हैं।

# "थाना कचनार की अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही अवैध मशाला शराब की 07 पेटीया मय मोटर सायकिल सहित जप्त दो आरोपी गिरफ्तार"

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कचनार द्वारा अवैध शराव के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध मशाला शराब की 07 पेटीया मय मोटर सायकिल सहित जप्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



**उल्लेखनीय है कि थाना कचनार अंतर्गत दिनांक दिनांक**

07/02/2026 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकिल पर काफी मात्रा में अवैध देशी शराब लिये करीला रोड से राजपुर तरफ आ रहे है। सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कचनार पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई।

मोटर सायकिल सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा जो मोटर सायकिल में बीच में प्लास्टिक के दो बोरियों में अवैध शराब रखे मिले जिन्हे रोका और चैक किया तो खाकी रंग के पुढे की 07 पेटियों में अवैध शराब रखे मिले दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम सोहित पुत्र बब्लू यादव निवासी ग्राम सोनाखेड़ी थाना मुंगावली एवं जितेन्द्र पुत्र पप्पू रजक निवासी डोंगरा थाना सेहराई का होना बताया जिनके कब्जे से बिना नंबर की काली प्लेटिना मोटर सायकिल एवं 07 खाकी रंग की पुट्टे की पेटियों में कुल 350 क्वार्टर देशी मंदिरा मसाला के कुल किमती 72000/-रू. को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि पूनम सेलर चौकी प्रभारी राजपुर सउनि गौरी शंकर ओझा, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, आर. सत्येन्द्र कुशवाह, आर. राजीव, आर. अखलेश जाटव, चालक आर. मनीष रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी, ताकि जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आदित्य शर्मा

आरोपीयो के कब्जे से लगभग 14.06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 1,40,000/- रुपए) जप्त आरोपियों ने गाड़ी की सीट में छुपाया था मादक पदार्थ। आरोपी धीरप ने 8 वीं कक्षा तक एवं आरोपी लाल सिंह ने 7 वीं तक पढ़ाई की है व खेती बाड़ी का कार्य करते है। अपराध क्रमांक- 16/2026 , धारा- 8/22 घटना स्थल- एम आर 10 ब्रिज के नीचे isbt बस स्टैंड के सामने इंदौर

आरोपीयों के नाम - 1. धीरप सिंह तंवर नि मंदसौर एवं 2.लाल सिंह चौहान नि मंदसौर जब्त माल का विवरण : - 14.06 ग्राम एमडी व एक दोपहिया वाहन एवं 02 मोबाइल फोन कुल मश्रूका कीमत 2,50,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी करने के दौरान शहर के एम आर 10 ब्रिज के नीचे isbt बस स्टैंड के सामने वाले क्षेत्र में दो व्यक्ति सड़क के किनारे काली रंग की बिना नंबर की होंडा टू व्हीलर गाड़ी के साथ खड़े दिखे जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगे जिनसे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लगे जिन्हें घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम धीरप सिंह तंवर एवं लाल सिंह चौहान निवासी मंदसौर का होना बताया। जिन पर शंका होने से तलाशी ली गई । विधिवत तलाशी लेते 14.06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD मौके से गाड़ी की सीट से बरामद की गई। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।


लाल सिंह चौहान निवासी मंदसौर म.प्र.


धीरप सिंह तंवर नि मंदसौर म.प्र.

पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपीयो से 14.06 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 16/26 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# आनंद विकास शिक्षा समिति ने किया सराहनीय सामाजिक कार्य

## दिनेश बौद्ध जी ने जन्मदिन पर बच्चों को बांटे पेन, किताब पाकर खिल उठे नौनिहाल

वियानंद अर्गल

भिंड शिक्षा को समाज की सबसे मजबूत नींव मानते हुए आनंद विकास शिक्षा समिति द्वारा एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल की गई। समिति के तत्वावधान में शास. माध्यमिक विद्यालय खेरिया तोर, मेहगांव में अध्ययनरत गरीब एवं मजदूर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क किताबें एवं पेन वितरित किए गए। इस मानवीय प्रयास से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देना रहा। आनंद विकास शिक्षा समिति का यह प्रयास समाज के लिए एक मिसाल बनकर सामने आया है। समाजसेवी दिनेश बौद्ध जी ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवा भाव के साथ मनाते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में उपस्थित दादराम बाबूजी, दिनेश बौद्ध, सौरव जाटव, राहुल विमल, शिवराज खरे, अजय पेशियां, धर्मेंद्र खन्ना, शिवम आजाद, हरेंद्र बौद्ध, पवन गर्ग एवं दुर्गेश जयंत ने बच्चों को किताब-पेन वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। दादराम बाबूजी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में बराबरी लाई जा सकती है। दिनेश बौद्ध जी ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को दिखावे की बजाय सेवा कार्य से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है और आगे भी वे शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सहयोग करते रहेंगे । बच्चों ने समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए संकल्प लिया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अच्छे परिणाम लाकर अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने आनंद विकास शिक्षा समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और



विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी सकारात्मक होता है। कार्यक्रम में सौरभ जाटव, राहुल विमल, शिवराज खरे, अजय पोसिया और धर्मेंद्र खन्ना ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज का हर सक्षम व्यक्ति अगर थोड़ा-थोड़ा सहयोग करे तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि "शिक्षा दान सबसे बड़ा दान है" और आनंद विकास शिक्षा समिति आने वाले समय में भी ऐसे सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

# बिना ट्रेड लाइसेंस चल रही रैपिडो बाइक टैक्सी पर कार्रवाई

विनोद चौहान

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले के बाद सख्त हुआ प्रशासन, 12 रैपिडो बाइक जब्त आरटीओ ने बुकिंग कर बुलवाया, मौके पर पहुंचते ही की जब्ती



इंदौर इंदौर में बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रही ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवाओं पर अब परिवहन विभाग ने सीधी कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने रैपिडो के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। जबकि तीन दिन पहले ही रैपिडो के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है। अब पुलिस की मदद से ऐप को बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उनकी टीम ने एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए रैपिडो की 12 बाइक टैक्सियों को जब्त किया। खास बात यह रही कि कार्रवाई के लिए आरटीओ अमले ने मोबाइल ऐप के जरिए खुद बुकिंग कर बाइक चालकों को बुलवाया। जैसे ही चालक तय स्थान पर पहुंचे, मौके पर मौजूद परिवहन विभाग की टीम ने बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालन का हवाला देते हुए बाइक जब्त कर ली। एआरटीओ ने बताया कि आरटीओ कार्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इंदौर में रैपिडो बाइक टैक्सी कंपनी को कोई ट्रेड लाइसेंस जारी या नवीनीकृत नहीं किया गया है। इसके बावजूद रैपिडो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खुलेआम बाइक टैक्सी सेवाएं चला रही है। इसी कारण इसे बंद करवाने का अनुरोध किया गया है।

कंपनी को नोटिस, ऐप बंद करने के निर्देश एआरटीओ ने बताया कि घटना सामने आते ही रैपिडो ट्रांसपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर तत्काल ऑनलाइन मोबाइल एप्लिकेशन बंद करने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो एकतरफा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी हो चुकी हैं कार्रवाई की मांग

एआरटीओ ने बताया कि वर्ष 2021 से 2024 तक कई बार संबंधित कंपनियों की मोबाइल एप्लिकेशन बंद कराने और कानूनी कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन ऐप पर प्रत्यक्ष नियंत्रण न होने के कारण इन्हें बंद नहीं कराया जा सका। अब पुलिस के सहयोग से कार्रवाई तेज की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में इसी सप्ताह की शुरुआत में एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें रैपिडो बाइक टैक्सी चालक पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कपड़े दिलाने के बहाने नाबालिग को अपने कमरे पर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 10 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक



## अजातशत्रु... पहले शिवराज के रहे खास... अब सीएम यादव का देंगे साथ!

मध्यप्रदेश के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव, जो शिव'राज' में पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के सबसे



विश्वस्त अधिकारियों में से एक रहे... अब वे वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ओएसडी के रूप में एक बार फिर सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे... दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान की गवर्निंग पार्टी के चेयरमैन भी हैं मुख्यमंत्री यादव, जिसके चलते उनके सलाहकार की भूमिका में श्रीवास्तव निभाएंगे... इन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया..!

## रेत माफिया सक्रिय अधिकारीयों कि हो रही रेकी माफिया के हौसले बुलंद

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल में रेत माफिया अब कानून की सरहदें लांघ चुका है। वैध ठेका नहीं... लेकिन अवैध रेत का साम्राज्य पूरे जिले में फैला हुआ है। हालात इतने बेकाबू हैं कि खनिज निरीक्षक की मौजूदगी में ही रेत से लदे ट्रैक्टर फरार हो रहे हैं। अफसरों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए बाकायदा रेकी तंत्र खड़ा कर दिया गया है। सवाल बड़ा है कि क्या रेत माफिया प्रशासन से एक कदम आगे चल रहा है। शहडोल जिले में रेत का वैध ठेका न होने का फायदा उठाकर रेत माफिया पूरी तरह बेखौफ नजर आ रहे हैं। जिले भर में अवैध उतखनन और परिवहन जोरों पर है, जिससे न सिर्फ राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि खनिज विभाग की मौजूदगी में भी रेत माफिया खुलेआम ट्रैक्टर लेकर फरार हो रहे हैं। ताजा मामला उस वक्त सामने आया, जब खनिज निरीक्षक अभिषेक पटले अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर रेत माफिया ट्रैक्टर लेकर भाग निकले। निरीक्षक के अनुसार, पीछा करने के दौरान अवैध रेत से जुड़े दो बाइक सवारों ने जानबूझकर बाधा उत्पन्न की, जिससे साफ है कि माफिया पूरी तैयारी और रणनीति के साथ काम कर रहे हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि रेत माफिया खनिज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित रूप से रेकी कराते हैं। इसके लिए बाकायदा गुप्तचर लगाए गए हैं, जो खनिज कार्यालय के आसपास रहकर विभागीय मूवमेंट पर नजर रखते हैं। हाल ही में खनिज अमले ने कार्यालय के सामने से एक ऐसे ही गुप्तचर को पकड़ा, जिसके मोबाइल से यह सामने आया कि वह लगातार रेत माफियाओं को खनिज विभाग की गतिविधियों की जानकारी भेज रहा था। इसके बावजूद जिले में अवैध रेत कारोबार बदस्तूर जारी है।

## प्रमुख सचिव द्वारा राजस्व विभाग की पाक्षिक समीक्षा की गई

**दिलीप पाटीदार**

धार प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग द्वारा पाक्षिक समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधानसभा के लंबित प्रश्नों को समय पर प्रस्तुत किए जाने, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा स्वामित्व योजना की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव ने राजस्व विभाग अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में




संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार एवं समय-सीमा में नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त साइबर तहसील अंतर्गत पटवारी रिपोर्ट से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान जिले से कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रणजीत टाइम्स नववर्ष के अवसर पर इंदौर के पलासिया थाना प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी को रणजीत टाइम्स की ओर से नववर्ष का कैलेंडर, डायरी एवं प्रेम-भेंट भेंट की गई



यह सौजन्य भेंट राजेश धाकड़ द्वारा प्रदान की गई इस अवसर पर थाना प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी ने रणजीत टाइम्स परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया और पुलिस के बीच सकारात्मक संवाद समाज के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कानून-व्यवस्था एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से नववर्ष पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द की कामना की गई तथा पुलिस प्रशासन के सहयोगात्मक कार्यों की सराहना की गई।

## आंतरिक द्वंद से छुटकारा पाने, का मार्ग है सहजयोग

ब्रह्मानंदं परम सुखदं,केवलं ज्ञानमूर्तीं,
द्वंद्वातीतं गगन सदृशं, तत्वमस्यादि लक्षं।
एकं नित्यं विमलमचलं,सर्वाधी साक्षीभूतं,
भावातीतं त्रिगुण रहितं, सदगुरु तं नमामि ॥

**'गुरु गीता'**

सहजयोग एक सहजावस्था है, जिसे पाना इतना ही सरल है जैसे कि पृथ्वी मां के उदर से अंकुर प्रस्फुटित होना, फूलों का फलों में और पुनः फलों का बीज में रूपांतरित होना। सहजयोग एक जीवंत प्रक्रिया है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जाता है। शर्त केवल एक ही है की इस 'योग' के प्रति आपको 'जिज्ञासु' होना पड़ेगा। यह एक आधुनिक योग पद्धति है, जिसे विश्व के सभी सहजयोग केंद्रो पर पूर्णतः निःशुल्क सिखाया जाता है। पूज्य श्रीमाताजी कहती हैं, आप मुझे अपना गुरु मत मानिये, आप खुद का गुरु बन जाइये । और आपका गुरु है, आपके हृदय में छिपा हुआ आत्म- तत्व । जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इसे मांगोगे तब आपकी मां स्वरुपिणी शक्ति जागृत होकर आपको अंदर से स्थिर, शांत और आनंदमयी बना देगी। हमारे जीवन की जो भी भौतिक समस्या है इसका केवल एक ही कारण है कि हम अंदर से' अस्तव्यस्त, अत्यंत तनावपूर्ण, भयभीत और चितांग्रस्त है। इन सारी नकारात्मकताओं से घिरे रहने के कारण हम हमारे जीवन का आनंद नही ले पा रहे हैं। हमारा सत्यस्वरूप 'सत्तचित् आनंदमयी' है। तो फिर कहां गया हमारे जीवन का वो अनुपम आनंद ? सहजयोग ध्यान के माध्यम से आप इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने हृदय पर हाथ रखकर सिर्फ इतना कहिये कि- मां मुझे मेरा आत्मसाक्षात्कार दीजिये, मेरा उस आनंद से नाता जोड़ दीजिए और दुनियादारी के इन झंझटों से मुझे मुक्त कराइये, मुझे आप वो निर्वाज्य प्रेम दीजिये" बस इतनी-प्रार्थना आप सच्चे हृदय से कीजिए तो आपके जीवन ये जादुई चमत्कार घटित होगा। आप जान जायेंगे कि ब्रम्हानंद क्या है अर्थात ब्रह्म का आनंद क्या होता है?, 'द्वन्दातीत अर्थात सुख-दुःख के द्वंद से छूटना किसे कहते है? आप गगन के सदृश्य सर्वत्र व्याप्त उस



सतगुरु को जान जायेंगे और वो आपका सिखा देंगे, अनुभूत करा देंगे कि 'तत् त्वम् असि' अर्थात आप ही उस परम तत्व के अंग-प्रत्यंग हो, जो, जीवन में ब्रम्हानंद पाने का पूर्णतः अधिकारी है। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )